तापमान

अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026



12 नगर निगम के सालाना बजट में दोगुनी बढ़ौतरी, नगर परिषद ने बाजी मारी





12 युवाओं को लक्ष्य तय कर भटकाव से दूर रहना चाहिए




## खबर संक्षेप

### महिलाओं की शिकायतें सुनी जाएंगी

**अंबाला।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया 11 मार्च को प्रातः 11 बजे अंबाला शहर के पंचायत भवन में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत महिलाओं की शिकायतें सुनेंगी। इस मौके पर कोई भी महिला आकर अपनी समस्या लिखित रूप में चेयरपर्सन के समक्ष रख सकती है। सुनवाई के दौरान महिला की शिकायत पर कार्रवाई के आदेश दिए जाएंगे।

### 25 लाख की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना नग्गल पुलिस ने धोखाधड़ी के खिलाफ सफलता हासिल करते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरमीत सिंह निवासी गाँव शेखुपुर जगीर थाना जुल्कां जिला पटियाला पंजाब के रूप में हुई है। गांव नगला के गुरविंद्र सिंह की शिकायत पर 9 मार्च 2026 को पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसके पुत्र को विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 25 लाख रूपये की राशि हड़प ली। न तो उसके पुत्र को विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए बल्कि जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### इनेलो का बढ़ रहा है जनाधार: गिल

**पानीपत।** इनेलो जिला पानीपत के प्रभारी प्रदीप गिल ने जिला पानीपत के कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी ने की। 23 मार्च को नरवाना में होने वाले युवा सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक भरत सिंह छोक्कर, इसराना हलका प्रधान राजेंद्र जागलान, हलका प्रधान राजेश झट्टीपुर, हेमराज, रामकुमार नंबरदार, रणधीर, कृष्ण भौक्कर, अजमेर सरपंच, सुनीता शर्मा, लखपत रोड आदि रहे।

### अधिकारियों के निर्देश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

# अवैध खनन में संलिप्त 31 वाहन जब्त, 1.5 करोड़ जुर्माना वसूला

*उपायुक्त ने जिला खनन अधिकारी के साथ-साथ अन्य संबंधित अधिकारियों से अवैध खनन को रोकने के लिए हर संभव बंदोबस्त करने के निर्देश दिए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में कही पर भी अवैध खनन से सबंधित यदि कोई गतिविधि पाई जाती है तो उस पर तुंरत नकेल कसना सुनिश्चित करें। उपायुक्त अपने कार्यालय में अवैध खनन से संबधित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम नारयणगढ़. शिवजीत भारती, जिला खनन अधिकारी रिंकू कुमार के साथ-साथ अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिला खनन अधिकारी के साथ-साथ अन्य संबंधित अधिकारियों से अवैध खनन को रोकने के लिए हर संभव बंदोबस्त करने के निर्देश भी दिए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नदियों के साथ-साथ वह हाईवे पर भी चेकिंग अभियान चलाकर इस गतिविधि पर नकेल कसें। मकसद जिले में अवैध खनन नहीं होना चाहिए।



**अंबाला।** अधिकारियों से बातचीत करते डीसी अजय सिंह तोमर।

#### अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन सख्त

जिला खनन अधिकारी रिंकू कुमार ने उपायुक्त को बताया कि फरवरी माह में जिला खनन विभाग व अन्य संबधित टीमों ने कार्रवाई करते हुए 31 वाहनों को जब्त करने का करते हुए 1 करोड़ 5 लाख 80 हजार 345 रूपए की राशि जुर्माने के तौर पर वसूल करने का काम किया गया है, इसके साथ-साथ बाहरों राज्यों से आने वाले 16 अवैध वाहनों को भी पकडक़र कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि अवैध खनन से संबधित 6 एफआईआर भी दर्ज की गई है। उपायुक्त ने इस मौके पर संबंधित टीमों को स्पष्ट निर्देश देते हुए अवैध खनन की गतिविधियों को रोकने के लिए सभी को बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्रवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक से यहां चल रहे क्रैशर्स की डिटेल ली। प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि यहां चार क्रेशर चल रहे हैं। समय-समय पर इन क्रेशरों निरीक्षण किया जाता है। नियमों की अवेहलना करने वाले संचालकों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाती है। इस मौके पर आरटीए सुशील कुमार, डीएसपी सूरज चावला, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता कृष्ण भुक्कल भी मौजूद रहे।

# बाड़े में काम कर रहे परिवार पर हमला

## दो लोग बुरी तरह जख्मी, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। शहजादपुर

गांव शेरपुर में अपने बाड़े में काम कर रहे लोगों पर गाड़ी में सवार होकर आए कुछ लोगों ने हमला कर दिया। मारपीट के दौरान दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्जकर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव शेरपुर के दलबीर सिंह ने बताया कि 26फरवरी 2026 को सांय लगभग 4:30 बजे वह व उनके परिवार के सदस्य जिनमें महिलाएं भी दी अपने बाड़े में काम कर रहे थे। अचानक से गाड़ी में सवार होकर आए करमबीर, रामकरण, जीराम, सिया, कान्ता देवी व पारस ने उनसे मारपीट शुरू कर दी। उसने बताया कि घटनास्थल के नजदीक पंचायती सीसीटीवी कैमरा भी लगा है जिसमें सारी घटना कैद हो गई। दलबीर सिंह ने बताया कि मारपीट में घायल होने के बाद उसे व मेरे बेटे को इलाज के लिए शहजादपुर सीएचसी ले जाया गया। यहां से उन्हें अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया गया।



जख्मी दलबीर सिंह।

# झील में मिला टूरिज्म डिपार्टमेंट के कुक का शव

- पार्क में घूमने आया था मृतक, वापस घर नहीं लौटा
- गोताखोरों की सहायता से शव को बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

शहर के ओपी जिंदल पार्क की झील में टूरिज्म डिपार्टमेंट के कुक का शव पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि कुक सोमवार शाम को पार्क में घूमने के लिए आया था। जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों को सुबह झील के पास ही उसके जूते पड़े मिले। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर सर्च अभियान चलाया। जिसके बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार तीर्थनगर निवासी प्रिंस ने बताया कि उसके पिता 57 वर्षीय श्याम लाल टूरिज्म डिपार्टमेंट में कुक थे। सोमवार शाम को वह अपनी ड्यूटी से वापस घर लौटे थे। इसके बाद वह रोजाना की तरह शाम को ओपी जिंदल पार्क में सैर करने के लिए चले गए थे। रात करीब आठ बजे तक जब वह वापस नहीं आए तो परिवार के सदस्यों ने उनके मोबाइल पर संपर्क किया लेकिन उनका फोन नहीं मिला। इसके बाद वह रात भर अपने पिता की तलाश करते रहे लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चला। सुबह वह अपने पिता को ढूंढते हुए ओपी जिंदल पार्क पहुंचे। यहां झील के किनारे उनके पिता के जूते पड़े मिले। जिन्हें देखकर पानी में डूबने की आशंका हुई।

इसके बाद उन्होंने तुरंत गोताखोरों को सूचना दी। सूचना मिलने के कुछ समय बाद गोताखोर और सिटी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों ने पानी में डुबकी लगाकर उसके पिता की तलाश शुरू की। थोड़ी मशक्कत के बाद पानी से उसके पिता का शव बरामद हुआ। टीम ने शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने जांच के लिए मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया। टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

# किसानों ने ट्रेड डील की प्रतियां फूंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के नेतृत्व में किसानों ने ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में शाहबाद में ट्रैक्टर मार्च निकालकर रोष प्रदर्शन किया और तहसील कार्यालय के सामने ट्रेड डील की प्रतियों को अग्नि भेट किया। इससे पहले सभी किसान भारी संख्या में अपने ट्रैक्टर लेकर अनाज मंडी में एकत्रित हुए और वहां से ट्रेक्टर मार्च निकालते हुए, लाडवा रोड से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे जहां पर ट्रेड डील की प्रतियां फूंकी गई।

किसानों ने सैंकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर होने के बावजूद सडक पर चलने वाले वाहनों को कोई परेशानी पेश नहीं आने दी और इसके बाद प्रदर्शन करते हुए किसान वाया बराड़ा रोड वापिस अनाज मंडी पहुंचे जहां ट्रेक्टर मार्च को विश्राम दिया गया। इस रोष मार्च का नेतृत्व भाकियू चढ़नी के राष्ट्रीय प्रेस प्रवक्ता राकेश बैंस और कार्यकारी ब्लॉक प्रधान जसबीर सिंह मामूमाजरा ने किया। किसानों को संबोधित करते हुए राकेश बैंस ने कहा कि किसानों ने एक लंबी लड़ाई लडकर आंदोलन के माध्यम से 3 काले कृषि कानून वापिस करवाए थे। इसी प्रकार इस विवादस्पद ट्रेड डील को भी रद्द करवाने के लिए आंदोलन चलाया जाएगा क्योंकि यह ट्रेड डील किसानों के लिए डैथ वारंट है।



**शाहबाद।** ट्रेड डील की प्रतियां फूंकते किसान नेता।

# ट्रेड डील के विरोध में निकाला ट्रैक्टर मार्च

- किसानों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के विरोध में मंगलवार को किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला। इसके साथ किसानों का ट्रैक्टर मार्च उपायुक्त कार्यालय पहुंचा। जहां किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। किसानों ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील से देश के किसानों के हितों को नुकसान पहुंच सकता है। मंगलवार को ट्रैक्टर मार्च में बड़ी संख्या में किसान अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ जगाधरी अनाज मंडी में पहुंचे। इसके बाद ट्रैक्टर मार्च अनाज मंडी से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ डीसी कार्यालय पहुंचा। जहां किसानों ने अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। किसानों का कहना था कि सरकार को किसी भी अंतरराष्टीय समझौते से पहले देश के किसानों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। भारतीय किसान यूनियन के डायरेक्टर मनदीप ने बताया कि यह ट्रैक्टर मार्च किसानों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए निकाला गया है। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह की ट्रेड डील लागू होती है तो इसका सीधा असर भारतीय कृषि और किसानों की आय पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों को बढ़ावा देने से देश के छोटे और मध्यम किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस तरह के समझौतों पर पुनर्विचार किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों को नजरअंदाज किया गया तो भारतीय किसान यूनियन आने वाले समय में और भी बड़े आंदोलन करने को मजबूर होगी।





**यमुनानगर।** ट्रैक्टर मार्च निकालते किसान, उपायुक्त कार्यालय में नारेबाजी कर विरोध जताते किसान।

# बिजली क्षेत्र के निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत के गोहाना रोड स्थित मुख्य बिजली पर केंद्र सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र का निजीकरण करने के लिए संसद में बिजली संशोधन बिल 2025 लाने के विरोध में मंगलवार को देश में नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज और इंजीनियर एवं इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के सनौली रोड सब यूनिट के प्रधान जितेंद्र वर्मा ने की। मंच संचालन सिटी यूनिट सचिव बलराम राणा ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य के उप प्रधान जितेंद्र सैनी ने कहा कि सरकार देश के पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए बिजली क्षेत्र को कोडियां के भाव बेचना चाहती है। जिस से देश की गरीब जनता को बिजली मिलना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए देश के सभी बिजली कर्मचारियों ने इस बिजली बिल का विरोध किया है।



**पानीपत।** मुख्य बिजली घर में निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

### बाइक सवार को कार चालक ने मारी टक्कर युवक की मौत

**बराड़ा।** बराड़ा-दोसडक़ा मार्ग पर बाइक सवार युवक को कार ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के बरेली के 23 वर्षीय आकाश बराड़ा-दोसडक़ा मार्ग पर एक रेस्टारेंट में काम करता था। दोपहर को वह सामान लेने के लिए बाजार में जा रहा था। रेस्टोरेंट से कुछ ही दूरी पर सांई मंदिर के पास सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। कार का भी अगली हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया।

### रणबीर गंगवा ने बताया कि बाइपास के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन

# विधायक रामकुमार कश्यप ने विधानसभा में उठाए इंद्री के विकास कार्यों से जुड़े मुद्दे

- करनाल से यमुनानगर वाया नेवल, चोगांव, गढ़ी बीरबल तथा बडगांव मार्ग के पुनर्निर्माण का भी मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र की महत्वपूर्ण सडक परियोजनाओं और बाईपास के पुनर्निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

विधायक रामकुमार कश्यप ने सदन में इंद्री बाईपास के पुनर्निर्माण संबंधित प्रश्न रखा, जिस पर लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि बाईपास के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। इस कार्य में वन विभाग से मंजूरी की आवश्यकता है। इसके साथ ही विधायक रामकुमार कश्यप ने करनाल से यमुनानगर वाया नेवल, चोगांव, गढ़ी बीरबल तथा बडगांव मार्ग के पुनर्निर्माण का मुद्दा भी सदन में रखा। इस पर मंत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्य का आवंटन पहले 11 मार्च 2025 को किया गया था, लेकिन संबंधित एजेंसी द्वारा काम शुरू न करने के कारण अनुबंध रद्द कर दिया गया है। कार्य के लिए दोबारा टेंडर आमंत्रित किए गए हैं, जो 24 मार्च को प्राप्त किए जाएंगे। नए आवंटन के बाद, यह कार्य 9 माह के भीतर पूरा होने की संभावना है। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं क्षेत्र के आवागमन और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होने सरकार से इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का आह्वान किया।



**इंद्री।** विधानसभा मे इंद्री के विकास कार्यों से जुड़े मुद्दे उठाते विधायक रामकुमार कश्यप।


विद्या भारती हिन्दू शिक्षा समिति हरियाणा से सम्बंधित

**GITA GIRLS SR. SEC. SCHOOL**

AMIN ROAD, KURUKSHETRA (HARYANA)

Affiliated by BSEH Code: 11103 ENGLISH MEDIUM

ADMISSION OPEN 2026-27

PUNJABI OPTIONAL IN CLASS 6TH

SELECTION IN IIT WITHOUT ANY COACHING

NO ADMISSION FEE From Nursery to 2nd Class

WE ARE HIRING

100% BOARD RESULTS

| Sr. No. | Name of Post | No. of Post | Minimum Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Chemistry Teacher (PGT) (Female) | 1 | M.Sc (Chemistry), B.Ed |
| 2. | Physical Teacher (PTI) (Female) | 1 | D.P.ED/B.P.ED/M.P.ED, B.Ed |
| 3. | English Teacher (TGT) (Female) | 1 | B.A with English (Hons), B.Ed |
| 4. | Computer Science (Female) | 1 | BCA/B.Sc, PGDCA, B.Ed |
| 5. | Pre-Primary Teacher (PPRT) (Female) | 1 | B.A., B.Ed |
| 6. | ATL (Atal Tinkering Lab) (Female) | 1 | B.Tech/B.E./M.Sc(IT/ Computer Science/Electronics) |
| 7. | Clerk (Male) | 1 | B.A., Typing (English, Hindi) minimum speed 30 WPM with computer knowledge. |
| 8. | Driver (Male) | 2 | Matric with Heavy Driving License |

**Must possess a current driving licence of a motor vehicle issued by a competent authority under the Motor Vehicles Act, 1939 with practical experience of driving a motor vehicle for a period of not less than 5 years.**

Note :-
1. Dynamic, Committed, Proficient teachers can apply within seven days from the date of advertisement through e-mail **(gitakanyaschoolkkr@gmail.com)** or at the office between 08:00 am to 02:00 pm.
2. Only short listed candidates will be called for interview
3. Experienced candidates will be given priority.
4. Salary as per school norms.

PRESIDENT MANAGER PRINCIPAL

Contact No.: 01744-251062

GITA GIRLS SR. SEC. SCHOOL, AMIN MARG, KURUKSHETRA

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 को

**करनाल।** अग्रवाल युवा संगठन की ओर से 15 मार्च को सेक्टर-8 स्थित अग्रसेन भवन में 26वां अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। संगठन के प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य विवाह में होने वाली फिजूल खर्ची को रोकना और युवक-युवतियों को जीवनसाथी चुनने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर भूषण गोयल, प्रदीप अग्रवाल, प्रवीण गर्ग, आशीष मंगल, धीरज जैन, सुरेंद्र जैन, सक्षम गर्ग, निशांत गुप्ता, गौतम जैन, उषा गर्ग, शिवानी, इंद्रावती और अनीता गुप्ता मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

**करनाल।** जिले के बीजना गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव घर में पंखे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। मृतका की पहचान काजल के रूप में हुई है। उसकी शादी वर्ष 2018 में हुई थी और उसका एक दो साल का बच्चा भी है। बताया जा रहा है कि काजल कुछ दिन पहले ही मायके से वापस ससुराल आई थी। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि सुबह उन्हें दामाद सुनील का फोन आया था और उसने बताया कि काजल ने फांसी लगा ली है। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्हें गले पर कोई निशान नहीं दिखाई दिया, जिससे उन्हें हत्या की आशंका है।

### आर्थिक मुद्दों पर कांग्रेस की बैठक में चर्चा

**करनाल।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला शहरी अध्यक्ष पराग गाबा के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष रजत लाठर विशेष रूप से मौजूद रहे। पराग गाबा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और युद्ध के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। शेयर बाजार में गिरावट, एलपीजी की बढ़ती कीमतें और कच्चे तेल के दामों में वृद्धि का सीधा प्रभाव आम लोगों और छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है।

### देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों में शामिल हुए कुलजिंदर

**करनाल।** शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे करनाल के शिक्षाविद कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। दून इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक बाठ का चयन देश के 40 सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों में किया गया है। उन्हें दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रतिष्ठित 'श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान' प्रदान कर सम्मानित किया।

### ऋण सुरक्षा योजना में 50 लाख का चेक दिया

**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक ने ऋण सुरक्षा योजना के तहत एक दिवंगत ऋणधारक के परिवार को 50 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। जानकारी के अनुसार बैंक से ऋण लेने वाले ग्राहक का आकस्मिक निधन हो गया था। इसके बाद ऋण सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दावा स्वीकृत होने पर यह राशि परिवार को प्रदान की गई। यह सहायता पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा दी गई।

## निर्माण कार्य का निरीक्षण कर बाधाएं तुरंत हटाने के दिए निर्देश

# करनाल का एलिवेटेड पुल दिसंबर तक पूरा होगा : डीसी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

- राणा अकादमी के पास फुटपाथ को पीछे खिसकाने तथा बाधा बने पेड़ों को हटाने के निर्देश

उपायुक्त उत्तम सिंह ने मंगलवार को शहर के बीचों-बीच बन रहे एलिवेटेड पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां कहीं भी पेड़ या बिजली के खंभे जैसी बाधाएं आ रही हैं, उन्हें संबंधित विभागों से समन्वय कर तुरंत हटाया जाए, ताकि परियोजना तय समय सीमा में पूरी हो सके।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और स्मार्ट सिटी परियोजना के अधिकारियों के साथ सेक्टर 14 स्थित राणा अकादमी के पास फुटपाथ को पीछे खिसकाने तथा बाधा बने पेड़ों को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराना बस अड्डा क्षेत्र में पुल के ढलान के बाद साइड के रास्ते को चौड़ा करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा। इसके अलावा पुराना बस अड्डा के पीछे रेलवे रोड पर पुल के पिलर के पास लगे बिजली के खंभे हटाने के निर्देश दिए। रास्ते की चौड़ाई बढ़ाने के लिए पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कुछ जमीन लेने के लिए सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा गया। घंटाघर चौक से पुराना बस अड्डा तक पुल की लंबाई करीब 900 मीटर और राणा अकादमी से जिला पुस्तकालय तक 2.380 किलोमीटर है। पुल निर्माण कार्य 27 जनवरी 2025 को शुरू हुआ था।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर एचएसवीपी के अधीक्षक अभियंता धर्मवीर, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक रामफल, एसडीओ केजी गोयल और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


**करनाल।** एलिवेटेड पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण करते उपायुक्त उत्तम सिंह।

**एलिवेटेड पुल की मुख्य बातें**

- लागत : लगभग 128 करोड़
- लंबाई : 3.280 किलोमीटर
- 85 पिलर बनाए गए
- 70 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा

## अवैध कॉलोनियों पर चला पंजा तीन स्थानों पर निर्माण गिराए


**करनाल।** अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करती जेसीबी

- करीब 15 एकड़ में बनी कॉलोनियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

जिला नगर योजनाकार विभाग ने मंगलवार को करनाल क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए तीन स्थानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की।

विभाग की टीम ने गांव शेखपुरा में मेरठ रोड पर लगभग पांच एकड़ में विकसित अवैध कॉलोनी में सड़कों को तोड़ा। इसके बाद गांव कैलाश में हाकी स्टेडियम के पास लगभग सात एकड़ क्षेत्र में बनाई गई कॉलोनी में सड़कों, सीवर नेटवर्क और डीपीसी को ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार गांव मंगलपुर में लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में बनी अवैध कॉलोनी में भी सड़कों और सीवर व्यवस्था को तोड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार विभाग के अधिकारी, ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा थाना सदर और सेक्टर-32-33 की पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अवैध कॉलोनियों में किसी प्रकार का निर्माण न करें, अन्यथा विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भूमि के टुकड़े काटकर बेचने वाले व्यक्तियों को भी चेतावनी दी गई है कि वे लोगों से लिया गया पैसा वापस करें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बिल लागू हुआ तो बिजली के दाम रोज बढ़ सकते हैं : कर्मचारी नेता

- बिजली संशोधन विधेयक के विरोध में कर्मचारियों ने की गेट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर सिटी यूनिट करनाल की मेरठ रोड, सब अर्बन और रामनगर सब यूनिट ने सेक्टर 12 स्थित राजीव गांधी विद्युत सदन में संयुक्त विरोध गेट मीटिंग आयोजित की।

मीटिंग की अध्यक्षता सुरेंद्र कांबोज, मोहन कुमार और छत्रपाल राणा ने की, जबकि संचालन सिटी यूनिट के उपप्रधान रमेश शर्मा ने किया। राज्य महासचिव राजेंद्र राणा और सिटी यूनिट के कोषाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार बजट सत्र में बिजली संशोधन विधेयक 2025 पेश करने जा रही है, जिसका कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। कर्मचारियों की मुख्य चिंताएं हैंकि बिजली के दाम पेट्रोल-डीजल की तरह रोज बढ़ सकते हैं। किसानों की बिजली सब्सिडी खत्म होने की आशंका है। बिजली क्षेत्र में निजी कंपनियों का दबदबा बढ़ेगा। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार यह बिल पारित करती है तो देशभर में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रदीप, मुकेश कुमार, रामतेज, राजीव कंबोज, अंशुल, सचिन चहल, सुरेंद्र शर्मा, विनोद कुमार, महावीर सैनी, मनोज सैनी, युवराज, रिंकू, गंगाराम, धर्मेंद्र, राहुल कुमार, रजत कुमार, रेनू, एकता, आरती और काजल मौजूद रहे।



**करनाल।** सेक्टर 12 राजीव गांधी विद्युत सदन में गेट मीटिंग करते

### सैर करने जा रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत

**करनाल।** गांव रसीन के मार्ग पर सैर करने जाते समय एक अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम करवा कर वारिसों को सौंप दिया है।

पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हसनपुर निवासी रवींद्र सोमवार की शाम को सैर करने के लिए हसनपुर व रसीन मार्ग पर सैर करने के लिए निकला था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## समाना बाहु के पास हादसा


## खड़ी बस से टकराई स्कूटी, बच्चे की मौत, मां और मौसी गंभीर

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

करनाल के समाना बाहु के पास नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि स्कूटी पर सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद तीनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान प्रिंस के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और अपने परिवार का इकलौता बेटा बताया जा रहा है। पानीपत निवासी विप्पन सिंह ने बताया कि प्रिंस उनके घर आया हुआ था और परिवार के साथ कुरुक्षेत्र पीर पर माथा टेकने गया था। वापसी के दौरान वह अपनी मां और मौसी के साथ स्कूटी पर सवार था।

बताया जा रहा है कि समाना बाहु के पास हाईवे किनारे खराब हालत में एक बस खड़ी थी। इसी दौरान स्कूटी अनियंत्रित होकर बस से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसकी मां और मौसी का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और हादसे की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद बच्चे का शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।


**करनाल।** समाना बाहु के पास सड़क हादसे के बाद अस्पताल में मौजूद परिजन।

## कल्याण ने आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

- बेस्ट मदर प्रतियोगिता की प्रक्रिया समझी व समस्याएं जानी

**घरौंडा।** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के अधीन पड़ने वाले गांव कुटेल के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने आँगनबाड़ी केन्द्र पर आयोजित बेस्ट मदर प्रतियोगिता की विस्तृत रूप से जानकारी ली तथा उपस्थित स्टाफ कमियों व बच्चों से संवाद किया।

उन्होंने कहा कि माता-पिता का ये दायित्व बनता है कि बच्चों के अन्दर संस्कार डाले तथा उनमें नैतिक शिक्षा व खेलकूद के प्रति गम्भीरता तथा मेहनत करने का जज्बा पैदा करें। उन्होंने कहा कि माताओं को बच्चों के खानपान व स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रकार के विषयों के बारे में जागरूकता होनी अति आवश्यक है ताकि बच्चे बड़े होकर शारीरिक व मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ रहें। हरविंद्र कल्याण ने आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर वहां आने वाली समस्याओं व कमियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने स्टाफ को सभी आवश्यक जरूरतों का विस्तृत प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की योजना बनाई जानी चाहिए ताकि पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके।

### कार्बन क्रेडिट नीति पर किसान नेताओं की चिंता

**करनाल।** बेंगलुरु में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक में देशभर से आए किसान नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने कार्बन क्रेडिट नीति और जलवायु परिवर्तन से जुड़े कानूनों पर गंभीर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान कार्बन क्रेडिट नीति में कई कमियां हैं, जिनका सबसे अधिक नुकसान किसानों और कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत और हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि यह योजना पूंजीपतियों के हित में तैयार की गई है और इससे किसानों की जमीन कंपनियों को सौंपे जाने का खतरा पैदा हो सकता है। जलवायु परिवर्तन के नाम पर बनाई जा रही कई नीतियां उद्योगों को लाभ पहुंचाने के लिए तैयार की जा रही है।

## सामाजिक मिलन समारोह में कवियों ने बांधा समां

- सुरेंद्र शर्मा, मुमताज नसीर और गौरव शर्मा ने खूब गुदगुदाया

**करनाल।** अग्रवाल सभा सेक्टर सात द्वारा सामाजिक मिलन समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा, कवयित्री मुमताज नसीर और हास्य कवि गौरव शर्मा ने अपनी रचनाओं से लोगों को खूब गुदगुदाया और समाज की विसंगतियों पर व्यंग्य किया।

मुख्य अतिथि व्यवसायी पवन अग्रवाल रहे। विधायक जगमोहन आनंद के प्रतिनिधि के रूप में महापौर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता तथा पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर कृष्ण गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर महाराजा अग्रसेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। कवि सम्मेलन की शुरुआत गौरव शर्मा ने हास्य कविताओं से की। इसके बाद मुमताज नसीर ने श्रृंगार रस की रचनाएं प्रस्तुत कीं। अंत में सुरेंद्र शर्मा ने अपनी व्यंग्यात्मक शैली से लोगों को खूब हंसाया। उन्होंने कहा कि आज के तनावपूर्ण समय में हास्य जीवन का महत्वपूर्ण अंग है और लोगों के चेहरों से हंसी कम होती जा रही है। प्रधान नीरज गुप्ता, हरीश अग्रवाल, प्रमोद बंसल, अमित गर्ग, मुकेश अग्रवाल, विकास गुप्ता, रविंदर गर्ग, अंकित गोयल, योगेश गोयल और ओपी गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया।

## न्यूज डायरी

### इंद्री में किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

**इंद्री।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की ओर से भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में इंद्री शहर में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। यह ट्रैक्टर मार्च किसान भवन से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों से होता हुआ सिंचाई विभाग के विश्राम गृह मे पहुंचा। ट्रैक्टर मार्च की अध्यक्षता भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल चहल और हल्का प्रधान मंजीत चोगांवा ने की। किसानों ने बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के साथ शहर में ट्रैक्टर मार्च निकाला और ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर अपना रोष प्रकट किया। इसके बाद रामपाल चहल, मंजीत चोगांवा, राहुल कलसौरा सहित किसानों ने प्रधानमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन तहसीलदार विनोद मेहरा को सौंपा। भाकियू नेता रामपाल चहल व मंजीत चोगांवा ने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील से देश के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसान लंबे समय से एमएसपी पर गारंटी की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक किसानों को घोषित एमएसपी के अनुसार फसलों के दाम नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त होनी चाहिए। साथ ही सरकार ने पैन से लेकर खाद्य वस्तुओं तक कई चीजों पर जीएसटी लगा रखी है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। रामपाल चहल ने बताया कि पूरे हरियाणा में तहसील स्तर पर किसान ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में 23 मार्च को पीपली में किसान जन आक्रोश रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें भाकियू के नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी किसानों को संबोधित करेंगे। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में पीपली रैली में पहुंचने का आह्वान किया। इस मौके पर जसविंद्र मढाण, मनदीप, राहुल कलसौरा, राजेंद्र दास, छबेग सिंह, कर्मबीर संधू, सुखविंद्र सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### ग्रामीण विकास योजनाओं में तकनीक जरूरी: चौहान

**नीलोखेड़ी (करनाल)।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में "ग्रामीण विकास योजनाओं में भौगोलिक सूचना प्रणाली की भूमिका" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भौगोलिक सूचना प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि तकनीक के सही उपयोग से विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगा है। हालांकि कई बार इसके उपयोग में विभिन्न प्रकार की बाधाएं भी आती हैं, जिन्हें दूर करने के लिए बेहतर समाधान खोजने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और कौशल का उपयोग अपने-अपने कार्यक्षेत्र में करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय संस्थान के संकाय सदस्य कमलदीप सांगवान ने किया। कार्यक्रम में अंबाला, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, करनाल, पंचकुला, पानीपत, सोनीपत और कैथल जिलों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिरिक्त खंड कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश, जसविंदर गिल, संदीप शर्मा, चंद्रपाल, दिनेश और महेश कुमार सहित अन्य प्रतिभागी भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को भौगोलिक सूचना प्रणाली के उपयोग और इसके व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी।

### श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव मनाया गया

**तरावड़ी।** शहर की अनाज मंडी में श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा श्याम के भजनों का आनंद लिया और आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव का शुभारंभ उद्योगपति एवं मानव सेवा दल के अध्यक्ष पंकज गोयल तथा उद्योगपति रमेश गुप्ता द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। महोत्सव के दौरान भजन-कीर्तन और संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायिका उमा लहरी जयपुर, परविंदर पलक फतेहाबाद ने बाबा श्याम के भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम की आकर्षक झांकी भी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम शुरू होते ही बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

## महापौर बोलीं, शहर को स्वच्छ बनाने में जनभागीदारी सबसे जरूरी

# स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए वार्ड कमेटियों को प्रशिक्षण

- नुक्कड़ नाटक से कचरा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

नगर निगम करनाल द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर 20 वार्ड कमेटियों के अध्यक्षों, सदस्यों और सचिवों के लिए रेलवे रोड स्थित प्रेम प्लाजा में बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वार्ड कमेटियों को स्वच्छ सर्वेक्षण की प्रक्रिया से अवगत कराना तथा शहर में स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर रेणु बाला गुप्ता ने की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी श्रुति मिश्रा, कार्यकारी अभियंता प्रियंका सोनी तथा भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता मौजूद रहे।

महापौर ने कहा कि वार्ड कमेटियां सकारात्मक सोच के साथ स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य अपने-अपने वार्डों में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें ताकि करनाल स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में पहला स्थान हासिल कर सके। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि वार्ड कमेटियों के गठन का उद्देश्य शहर के समग्र विकास को गति देना और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है। उन्होंने नागरिकों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग देने तथा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फैलाने की अपील की।



**करनाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद महापौर, अधिकारी व वार्ड कमेटी सदस्य।

### सम्मानित किया

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला पार्षदों, कचरा पृथक्करण में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मीणा बंसल तथा महिला पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कचरा पृथक्करण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ

**तरावड़ी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तरावड़ी में प्रदेशव्यापी एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान के तहत किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कैलाश गर्ग और नोडल अधिकारी डॉ. विनय द्वारा किया गया। डॉ. कैलाश गर्ग ने बताया कि यह टीका 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एच.पी.वी.) एक सामान्य संक्रमण है, जो महिलाओं के प्रजनन तंत्र को प्रभावित करता है और यही सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण बनता है। एच.पी.वी. टीकाकरण इस संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।



समालखा। प्रताप छौक्कर के आवास पर जनसुनवाई करते हुए विधायक मनमोहन भडाना। फोटो : हरिभूमि

# समालखा हलके को विकसित करेंगे: भड़ाना

■ भाजपा सरकार समालखा विधानसभा क्षेत्र में तेजी से करवा रही है विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा

समालखा हलके से विधायक मनमोहन भडाना ने दावा किया कि समालखा हलके के शहरी व ग्रामीण अंचल को समस्या मुक्त कर विकसित किया जा रहा है। वहीं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सैनी के आशीर्वाद से प्रदेश सरकार समालखा हलके को मुंह मांगा धन दे रही है। भडाना, नई अनाज मंडी समालखा में एडवोकेट प्रताप छौक्कर के घर विवाह समारोह में शिरकत करने के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट राजेश कौशिक, वीर प्रकाश जैन, सतीश कौशिक, सतवीर शर्मा वॉइस चेयरमैन मार्किट कमेटी समालखा, राजकुमार छौक्कर, जयपाल छौक्कर, दिनेश छौक्कर, रामचंद्र, एसएन छौक्कर, एमिनेंट पर्सन विंडो महिपाल छौक्कर, चैन सिंह सरपंच किवाना, मास्टर प्रेम सिंह, बृजपाल बिल्लू, सतीश छौक्कर सरपंच चुलकाना, बार एसोसिएशन के प्रधान अशोक रावल, रोहताश, संदीप छौक्कर आदि उपस्थित रहे।

## बार काउंसिल चुनाव में पांच मतदान केंद्र बनेंगे

**पानीपत।** पंजाब एंड हरियाणा के बार काउंसिल के चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं, मंगलवार को उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में जिला सचिवालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपंन कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त डॉ. दहिया ने कहा की बार काउंसिल चुनाव को विधानसभा चुनाव की तरह सुव्यवस्थित तरीके से करवाया जाएगा। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। जिले में कुल 3315 मतदाता, पानीपत में 3126 व समालखा में 189 मतदान करेंगे। इसके लिए जिला पानीपत में कुल पांच मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इनमें से चार मतदान केन्द्र पानीपत कोर्ट परिसर और एक मतदान केन्द्र समालखा कोर्ट परिसर में बनाया जाएगा।

## आर्य कॉलेज में पुष्पोत्सव का भव्य आगाज

# प्रकृति ही भगवान : डॉ. गुप्ता

### रंग-बिरंगे फूलों से महका वातावरण



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता अतिथियों को फूल भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ आज के प्रदूषण भरे दौर में फूलों की यह विविधता मन को शांति प्रदान करती है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज की 'बोटैनिकल सोसाइटी' द्वारा आयोजित दो दिवसीय सातवें वार्षिक 'पुष्पोत्सव 2026' का मंगलवार को शानदार शुभारंभ हुआ। कॉलेज के 'न्यू साइंस ब्लॉक' में आयोजित इस प्रदर्शनी ने प्रकृति प्रेमियों और विद्यार्थियों का मन मोह लिया। वहीं, कार्यक्रम के पहले दिन कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शिंगला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर कॉलेज के उपाध्यक्ष वीरेंद्र शिंगला ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने की। जबकि कॉलेज की प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति और शिक्षा का गहरा नाता है। प्रकृति ही भगवान है। 'पुष्पोत्सव' जैसे आयोजन विद्यार्थियों में न केवल सौंदर्यबोध विकसित करते हैं, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी का भी अहसास कराते हैं। आर्य कॉलेज हमेशा से सर्वांगीण विकास का पक्षधर रहा है और यह प्रदर्शनी उसी दिशा में एक सराहनीय कदम है। जबकि उपाध्यक्ष वीरेंद्र शिंगला ने बताया कि आज के प्रदूषण भरे दौर में फूलों की यह विविधता मन को शांति प्रदान करती है।

### बॉटनी विभाग का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं

प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि विद्यार्थियों को वनस्पतियों की विविध प्रजातियों को करीब से समझने का अवसर भी मिलता है। जबकि बॉटनी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बलकार सिंह ने कहा कि बॉटनी विभाग का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को पौधों की दुनिया से रूबरू करवाना है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रो. नरेंद्र सिंह, निदेशक बागवानी, कुरुक्षेत्र, डॉ. योगेश कुमार, चेयरपर्सन, वनस्पति शास्त्र विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, डॉ. ज्योति चौहान, प्रो.रंजीत सिंह वनस्पति शास्त्र विभाग पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय कॉलेज ललिता, डॉ. पूजा जैन आदि उपस्थित रहे।

# भारत में पहली बार डिजिटल मोड पर होगी जनगणना

■ कई अधिकारियों ने नई तकनीकी प्रक्रियाओं और कार्य प्रणाली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत





पानीपत। जिला सचिवालय में जनगणना को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा जनगणना के पहले चरण हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में चार्ज सेंसस अधिकारियों, सेंसस क्लर्क और तकनीकी सहायकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अधिकारियों को नई व्यवस्था और डिजिटल प्रणाली की जानकारी देना रहा। यह प्रशिक्षण 11 मार्च तथा 25 मार्च को भी आयोजित किया जाएगा। डीसी दहिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आधार होती है। इसलिए सभी अधिकारी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और दी जा रही जानकारी को ध्यानपूर्वक समझें। उपायुक्त डा.दहिया ने कहा कि डिजिटल प्रणाली के माध्यम से होने वाली यह जनगणना प्रशासन के लिए एक नई पहल है और इसे सफल बनाने में अधिकारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने बताया कि इस बार देश में पहली बार डिजिटल माध्यम से जनगणना की प्रक्रिया को लागू किया जा रहा है, जिससे कार्य अधिक पारदर्शी और तेजी से पूरा किया जा सकेगा। इस दौरान कई अधिकारियों ने नई तकनीकी प्रक्रियाओं और कार्य प्रणाली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। वहीं, प्रशिक्षण सत्र में यूजर मैनेजमेंट सिस्टम, जनगणना से जुड़े अधिकारियों के लिए यूजर अकाउंट बनाने, कई अन्य बिंदुओं और प्रबंधन की प्रक्रिया समझाई गई। इसके अंतर्गत एडमिन और जनरल यूजर की भूमिका, ट्रेनर्स, एन्यूमरेटर एवं सुपरवाइजर (ई एण्ड एस), सिंगल यूजर अकाउंट क्रिएशन, बल्क यूजर अकाउंट क्रिएशन तथा विभिन्न क्षेत्रों के अनुसार यूजर देखने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## आर्य कॉलेज की दिव्या ने देश भर में बढ़ाया हरियाणा का मान

**पानीपत।** अपनी वाकपटुता और तार्किक शक्ति के दम पर आर्य कॉलेज की छात्रा दिव्या ने राष्ट्रीय स्तर पर आर्य कॉलेज और पूरे हरियाणा प्रदेश का मान बढ़ाया है। दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित 'यूथ पार्लियामेंट 25' में दिव्या ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शिंगला, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शिंगला व कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने छात्रा दिव्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए दिव्या की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कॉलेज की प्रबंधक समिति ने गर्व व्यक्त किया और कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर छात्रा का शानदार स्वागत किया गया। वहीं, आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शिंगला ने कहा कि छात्रा दिव्या ने न केवल कॉलेज बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में शिखर पर हैं और दिव्या की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्या डॉ जगदीश गुप्ता, दिव्या को सम्मानित करते हुए।

## विद्यार्थी आर्थिक मामलों का ज्ञान अवश्य लें

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-बढ़कर भाग लिया। प्राचार्य डा. सतवीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक मुद्दों पर आधारित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता से छात्रों में रचनात्मक और आर्थिक जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को समसामयिक आर्थिक मुद्दों और चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करती हैं। डा. किरण मदान ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस गतिविधि से विद्यार्थी निश्चित रूप से कुछ ना कुछ सीखेंगे क्योंकि चित्रों का प्रभाव पाठ्य-पुस्तकों से कहीं अधिक स्थाई होता है। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका डा. चेतना नरूला ने निभाई। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष से आंचल प्रथम, बीए तृतीय वर्ष से वंशिका द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष से खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# थानेदार के बेटे आशीष ने यूपीएससी क्लीयर किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में 592वीं रैंक प्राप्त करने वाले आशीष ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह से उनके कार्यालय में अपने परिवार सहित मुलाकात की। आशीष के पिता महेंद्र सिंह जिला पानीपत पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने आशीष को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। आशीष ने बताया कि यह उनके पिता का सपना था कि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाएं और यह उनका पांचवां प्रयास था इससे पूर्व में वह चार बार मेंस क्लियर कर चुके हैं। आशीष का परिवार राठधाना जिला सोनीपत से ताल्लुक रखता है।

# कप्तान ने थानेदार और सरपंच सहित 12 को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने गांव बराना में कानून एवं व्यवस्था बनाएं रखने पर मंगलवार को थाना सेक्टर 13/17 के प्रभारी सब इंस्पेक्टर दलबीर सिंह, एएसआई सतीश कुमार व रमेश कुमार, ईएचसी राजेश कुमार, बसंत कुमार, ऋषिपाल, अनिल कुमार, सिपाही मोहन, होमगार्ड कुलदीप, बराना गांव की सरपंच सोनी, सरपंच पति सुरेश लांबरा, नूरवाला की गीता कॉलोनी निवासी महेश उर्फ बिट्टू को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, एसपी सिंह ने कहा कि पुलिस और पब्लिक मिलकर कानून एवं व्यवस्था बेहतर तरीके से लागू कर सकती है। दोनों ने बेहतर तालमेल का परिचय देते बराना गांव में सोमवार को छह वर्षीय बच्चे शिवम उर्फ गोविंद की सड़क हादसे में मौत के बाद आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित कर स्थिति को सामान्य बनाए रखा। यही नहीं आरोपी ट्रैक्टर चालक को भीड़ से निकालकर जिला नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया। गांव में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में ग्राम पंचायत सरपंच सोनी और उनके पति सुरेश का ग्रामीणों को शांत करने में विशेष सहयोग रहा। वहीं नूरवाला की गीता कॉलोनी के महेश उर्फ बिट्टू का विशेष सहयोग रहा है। उन्होंने दोनों घायलों को जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाने में पुलिस का सहयोग किया।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर डीएसपी नवीन संधू, एसपी रीडर एसआई सुभाष, पीआरओ अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**महिला दिवस** हर वर्ग की महिला को देश की तरक्की में अपना योगदान देना चाहिए

# बेटियों को बेचारी, पराया धन कह कर कमजोर न करें: सत्यदेव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत





पानीपत। चेतना महिला खेल उत्सव में विजेता महिलाओं को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर चेतना परिवार व रोटरी पानीपत सेंट्रल क्लब द्वारा चेतना परिवार द्वारा चलाए जा रहे प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र, सिलाई सेंटर व ब्यूटी व कंप्यूटर केंद्र में शिक्षा ग्रहण कर रही बच्चियों व महिलाओं के लिए ग्यारहवें चेतना महिला खेल उत्सव का आयोजन पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनएफएल पानीपत में किया गया। वहीं, मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त गेलेन्ट्री अवार्डी ब्रिगेडियर सत्यदेव ने अपनी धर्मपत्नी विमला दहिया के साथ शिरकत करते हुए कहा कि नारी शक्ति के बल पर ही भारत आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनेगा। हर वर्ग की महिला को देश के तरक्की में अपना योगदान देना चाहिए। वहीं हर अभिभाव को अपने बेटियों को शिक्षित करते हुए उन्हें विकास के अवसर उपलब्ध कराने चाहिए। बेटियों को बेचारी है, लड़की है, दूसरे के घर जाना है, पराया धन है, क्या करेगी पढ़ लिख कर ये कह कर मानसिक रूप से कमजोर ना करें।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में शिक्षाविद् चेतना परिवार की प्रबंध न्यासी निर्मल दत्त, मुख्य वक्ता प्रोफेसर निर्मल आईबी कॉलेज, रानी पालीवाल, राज माटा, कपिल जैन, चेतना परिवार के संरक्षक हरिओम तायल, रोटरी क्लब से आर्यन वर्मा, हिमांशु सिंघल, नवीन कंसल, धीरज मलिक, विभास कैला, राकेश तायल, संदीप जैन, धीरज मिगलानी, भोला, रमन अनेजा, साहित्यकार दीपचन्द्र निर्मोही, कमला आर्य, बलराज अहलाबादी, रामेश्वर दत्त, डीएन ठाकुर, शिक्षाविद् रेखा बजाज आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सात माह का अपहृत बच्चा यूपी के एटा से बरामद

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने काला आंब रोड से अपहृत सात माह के बच्चे मानशुभ पुत्र सुंदर मूल निवासी अलवर राजस्थान हाल निवासी अंबा कालोनी में झुग्गी झोपड़ी काला आंब रोड गांव उग्रा खेड़ी, पानीपत को करथला जिला एटा, उत्तर प्रदेश से सकुशल बरामद कर लिया। वहीं मंगलवार की शाम को पुलिस ने बच्चे को उसके परिजनों को सौंपा दिया है। पुलिस ने बच्चे के अपहरण के आरोप में सलमान निवासी सिद्धपुरा व आजाद निवासी कासगंज व मुकेश निवासी करथला, एटा यूपी को गिरफ्तार किया है। स्मरणीय है कि सोमवार की दोपहर को बाइक सवार लोगों ने बच्चे का अपहरण कर लिया था, इस संबंध में थाना चांदनी बाग पुलिस में बच्चे के पिता सुंदर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### हिंदू सम्मेलन आयोजित

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 29 में वैदिक परिवार द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार यज्ञ के साथ हुआ। वैदिक परिवार के धर्माचार्य आचार्य संजय शास्त्री ने यज्ञ करवाया। उपस्थित गाढिया लोहार समाज सहित सभी हिंदू बंधुओं ने यज्ञ में आहुति डालकर धर्म और संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता समाजसेवी सुरेश गांधी ने सनातन संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और भारत के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में अजय शिंगला, डॉ.राजवीर आर्य, डॉ.पवन बंसल, दलबीर आर्य, ईश राणा, मनीष कुमार, प्रदीप कुमार, अशोक अरोड़ा, राजीव सचदेवा, गुलाब सिंह, काशी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने मंगलवार को राणा माजरा गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस टीम ने इस दौरान नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान बारे विस्तार से बताया। वहीं, नागरिकों को समझाया गया कि नशा शरीर, परिवार और समाज का सबसे बड़ा दुश्मन है। यह युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल देता है, इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी रोकना चाहिए।

### कातिलाना हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने विकास नगर में वेस्ट कारोबारी मनीष पर गंडासी से जानलेवा हमला करने मामले में तीसरे आरोपी साहिल को गिरफ्तार किया। वहीं थानेदार सीआईए वन फूल कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में निर्मला पत्नी रामनिवास निवासी गांव शामड़ी जिला सोनीपत हाल निवासी विकास नगर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### योजनाओं का लाभ लें किसान

**पानीपत।** जिला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक का कार्यभार संभालने के बाद डॉ. प्रवीन गुलिया ने विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। डॉ. गुलिया ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और खेती को अधिक लाभकारी बनाना है। बैठक में एसडीओ देवेंद्र कुहाड़, कृषि सहायक अभियंता सुधीर, अवतार सिंह के अलावा स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

### श्रमिक महिलाओं को जागरूक किया

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तीसरे दिन मंगलवार को पानीपत में श्रमिक महिलाओं के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम माता सीता रानी सेवा संस्थाए नारी कल्याण समिति, संत निरंकारी मिशन, इनर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन और निर्मला देशपांडे संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-25 की इंडस्ट्रियल एरिया में संपन्न हुआ। वहीं, ललिता, शबनम ,संतोष ,शबाना लक्ष्मी, ममता, अलका, आरती, आरती देवी, संगीता, नेहा, दयावती, लक्ष्मी देवी, चांदनी व सुनीता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कंचन सागर, पूजा सैनी, श्रुति जैन आदि उपस्थित रही।

### राशन कार्ड धारक ईकेवाईसी करवाएं

**पानीपत।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अधिकारी दिव्या ने बताया कि जिला पानीपत में वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन प्राप्त कर रहे सभी लाभार्थियों को भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी पीएच व एसबीपीएल व एएवाई राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक सदस्य की पीओएस मशीन में अंगूठा लगाकर राशन वितरण सम्बधित पहचान करवानी अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सभी राशन कार्ड धारकों को राशन डिपो पर जाकर पीओएस मशीन में अंगूठा लगाकर ईकेवाईसी करवानी अति आवश्यक है।

### दयानंद वाटिका का शुभारंभ

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं और आदर्शों को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में दयानंद वाटिका का शुभारंभ वाइस चेयरमैन इंद्रजीत बत्रा, विवेक मित्तल, प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा आदि ने किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में स्वामी दयानंद सरस्वती के समाज में शिक्षा, सत्य और वेदों के ज्ञान के योगदान की विस्तार से जानकारी दी।

### नमो भारत कॉरिडोर बनने से यात्रा तेज

**पानीपत।** दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर परियोजना को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ परियोजना की प्रगति, भूमि अधिग्रहण तथा प्रस्तावित स्टेशनों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त डा. दहिया ने बताया गया कि दिल्ली-करनाल कॉरिडोर के अंतर्गत जिले में चार प्रमुख स्टेशन प्रस्तावित हैं। इनमें समालखा स्टेशन, पानीपत आईएसबीटी सिवाह स्टेशन, पानीपत अंडरग्राउंड स्टेशन तथा सेक्टर-18 (फ्यूचर) स्टेशन शामिल हैं। इसके अलावा समालखा और पानीपत में आरएसएस (रेलवे सर्विस स्टेशन) के लिए भी भूमि चिन्हित की गई है। बैठक में डिप्टी चीफ इंजीनियर शाहाबाद आलम ने बताया गया कि दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर की डीपीआर को सभी संबंधित राज्य सरकारों द्वारा मंजूरी दी जा चुकी है। दिल्ली सरकार ने मार्च 2024 में तथा हरियाणा सरकार ने दिसंबर 2020 में इसे स्वीकृति प्रदान की थी। इसके अलावा 22 फरवरी 2022 को हुई बैठक में कॉरिडोर के एलाइनमेंट को भी मंजूरी दी गई थी।

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**गीता धर्मपत्नी स्व0 श्री राकेश पुत्र श्री अमर नाथ निवासी मकान नं.254/23, नजदीक कबीर मंदिर वाली गली, कृष्णापुरा, तहसील व जिला पानीपत।**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि गीता धर्मपत्नी स्व0 श्री राकेश पुत्र श्री अमर नाथ ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि उपरोक्त जायदाद प्रार्थी के पति स्व0 श्री राकेश पुत्र श्री अमर नाथ की मृत्यु दिनांक 28-03-2022 को हो चुकी है। मृतक स्व0 श्री राकेश पुत्र श्री अमर नाथ की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। 1. रेशमी देवी (माता) स्व0 श्री राकेश 2. गीता पत्नी स्व0 श्री राकेश 3. मानसी पुत्री स्व0 श्री राकेश 4. तनीषा पुत्री स्व0 श्री राकेश इनके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नही है। हम वारसान की तसदीक नगर निगम पार्षद रजनी सुरेंद्र गर्ग वार्ड न0 17. पानीपत की रिपोर्ट 27-02-2026 व हल्का पटवारी सुभाष की रिपोर्ट दिनांक 05-03-2026 के अनुसार हो चुकि है। मृतक बरूए रजि0 न0 9555 दिनांक 29-02-2016 कार्यालय सब रजि0 साहब के द्वारा दर्ज है। जोकि उक्त रजि0 70 वर्गगज की है इनके इलावा मृतक स्व0 श्री राकेश पुत्र श्री अमर नाथ का कोई अन्य वारिस/उत्तरधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तरधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह 30 दिन के अन्दर-2, स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 06-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.1521 है।

**तहसीलदार कम-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

## खबर संक्षेप

### विक्रेताओं दिए जरूरी दिशा निर्देश

**अंबाला।** जिला सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी ने बताया कि अंबाला छावनी एरिया में मीट/मछली बेचने वाले इलाकों का स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम तथा पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से टीम बनाकर दौरा किया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग तथा नगर निगम के अधिकारियों द्वारा मीट व मछली विक्रेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला के अन्य इलाकों मे मीट/मछली विक्रेताओं को नियमों की पालना करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विक्रेताओं से मांस मछली खुले में न बेचने की भी अपील की है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### दो दिवसीय अभिरुचि कार्यक्रम का आयोजन

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सब्जियों व रबी फसलों में एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन व कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग हेतु दो दिवसीय अभिरुचि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र द्वारा ब्लॉक बराड़ा में किसानों के लिए सब्जी एवं अन्य रबी फसलों में कीट एवं अन्य रोगों पर दो दिवसीय अभिरुचि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में किसानों को फसल में एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन के विभिन्न पद्धतियों के बीजोपचार, सब्जी व रबी फसलों के रोग एवं कीटो की पहचान व उनका प्रबंधन की जानकारी दी गई।

### हेरोइन तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज लगभग 7 करोड़ रूपये की 1 किलोग्राम हेरोइन तस्करी और पांच लाख 69 हजार रूपये नकदी के मामले में सीआईए-1 ने एक अन्य आरोपी संजय कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच में सामने आया था कि आरोपी संजय कुमार वासी गांव उगाला भी इस मामले में संलिप्त था। वह भी मादक पदार्थ बेचने का कार्य करता था। 21 मार्च 2025 को सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी हीरा चावला दिल्ली से नशीला पदार्थ हेरोइन लाकर नशा सप्लाई का काम करता है। सूचना यह भी मिली थी कि आरोपी दिल्ली से भारी मात्रा में हेरोइन लेकर गाड़ी नंबर डीएल-14सी-ई-0180 मार्का इग्निश में सवार होकर काली पलटन पुल से गुजरेगा। सीआईए-1 ने काली पलटन पुल के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। तलाशी लेने पर गाड़ी की ड्राइवर सीट के नीचे से 01 किलो ग्राम हेरोइन बरामद की थी। आरोपी की पहचान हीरा निवासी जग्गी गार्डन अंबाला शहर के रूप में हुई थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त मुख्य नशा सप्लायर लखन के घर से सर्च अभियान के दौरान पांच लाख 69 हजार रूपये ड्रग्स मनी भी बरामद की गई थी।

### सरसों चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**बराड़ा।** पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सरसों चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता हरमिंदर सिंह ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव थम्बड स्थित 'गुरु राम एग्रो फूड सेलर' से तीन आरोपियों ने सरसों के 3 कट्टे चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को काबू किया। आरोपियों की पहचान गौरव , गौतम व गौरव वासी गांव बिहटा के तौर पर हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सरसों के तीनों कट्टे बरामद कर लिए हैं।

### शीतला माता मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की लाइनें

**अंबाला।** शीतला माता मंदिरों में मंगलवार को बासौड़ा पूजन हुआ। सुबह 4 बजे से ही भक्तों ने परिवार सहित कतारों में लगकर दर्शन किए। भक्त अपने घरों में रात को ही गुलगुले, पूड़ी, मिट्ठे चावल बनाकर लाए थे। उन्हीं का भोग लगाया। मंदिर कमेटी की ओर से भी भक्तों के लिए टेंट आदि बैठने की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिरों के बाहर मेले लगाए गए।

## फरीदाबाद नगर निगम को मिला सबसे ज्यादा बजट

# नगर निगम के सालाना बजट में दोगुनी बढ़ोतरी

नगर परिषद ने बाजी मारी, निगम के समान मिला बजट

सरकार की ओर से पेश वार्षिक बजट के दस्तावेजों में आवंटित फंड का विस्तार से किया जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्य सरकार की ओर से इस बार नगर निगम के सालाना बजट में दोगुनी बढ़ौतरी की है। हालांकि सरकार ने अंबाला सदर नगर परिषद के बजट को भी नगर निगम के बजट के बराबर रखा है। वित्त मंत्री एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आगामी वित्त वर्ष 2026-27 हेतु प्रदेश के लिए पेश किए गए वार्षिक बजट के साथ संलग्न दस्तावेजों में अंबाला शहर नगर निगम के लिए 27 करोड़ 12 लाख 1 हज़ार 4 रुपये के बजट की व्यवस्था की गई है। मजे की बात है कि वित्त-वर्ष 2025-26 में अंबाला शहर नगर निगम का सालाना बजट 13 करोड़ 4 लाख 23 हज़ार रुपये रहा था। पिछली बार की अपेक्षा इस बार बजट में दोगुना से ऊपर की बढ़ोतरी की गई है।पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट व म्युनिसिपल कानून के जानकार हेमंत कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के ताज़ा वार्षिक बजट का अध्ययन करने पर यह बात सामने आई कि अंबाला शहर नगर निगम के लिए घोषित बजट अनुमान की धनराशि (ग्रांट-इन-ऐड), जो 15वें केंद्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप दर्शायी गयी है। प्रदेश की कुल 11 नगर निगमों में केवल मानेसर नगर निगम से ही अधिक है जिसके लिए आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 24 करोड़ 73 लाख 11 हजार रूपए का बजट अनुमान किया गया है। आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में सबसे अधिक फरीदाबाद नगर निगम के लिए 181 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है जबकि गुरूग्राम नगर निगम के लिए 113 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है।




**अंबाला।** नगर निगम ऑफिस का बाहरी दृश्य।

### वेतन व सफाई पर ज्यादा खर्च

नगर निगम की ओर से तय किए गए बजट का बडा हिस्सा निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन पर खर्च होता है। जबकि शहरी विकास के लिए लोगों को पूरी तरह से राज्य व केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाले फंड पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके अलावा सफाई पर भी बजट की बड़ी रकम खर्च होती है। हालांकि ज्यादा बजट खर्च होने के बावजूद लोग सफाई कार्य को लेकर बेहद परेशान नजर आते हैं। अभी निगम की हद में आने वाले ज्यादातर गांव व कई कॉलोनियों में घरों से कूड़ा उठाने का काम तक शुरू नहीं हो पाया है। पांच साल में कोई विकास न होने की वजह से निगम में आए ज्यादातर गांवों के लोग उन्हें निगम से बाहर रखने की मांग क रहे हैं। उनका कहना है कि पंचायती राज में ग्रामीणों को सुविधाएं मिल जाती थी। मगर नगर निगम में आने के बाद गांवों में एक ईंट तक नहीं लग पाई है।

### नारायणगढ़ नपा को ये मिला

नारायणगढ नगरपालिका समिति के लिए आगामी वित्त-वर्ष 2026-27 में 3 करोड़ 35 लाख रुपये का बजट तय किया गया है। जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह आंकड़ा 1 करोड़ 40 लाख रुपये रहा। इसी तरह बराडा नगरपालिका के लिए आगामी वित्त-वर्ष 2026-27 में 3 करोड़ 76 लाख रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह आंकड़ा 1 करोड़ 29 लाख रुपये रहा था। अंबाला छावनी में कैंटोनमेंट बोर्ड के लिए आगामी वित्त-वर्ष 2026-27 में 7 करोड़ 88 लाख 55 हज़ार रुपये का बजट तय किया गया है जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह आंकड़ा 3 करोड़ 44 लाख 39 हज़ार रुपये रहा है।

### संशोधित बजट 24 करोड़

इसी तरह अंबाला सदर नगर परिषद के लिए आगामी वित्त-वर्ष 2026-27 के लिए 28 करोड़ 89 लाख 69 हज़ार 867 रूपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। इस प्रकार सदर नप के लिए अंबाला शहर नगर निगम से 1 करोड़ 77 लाख से ऊपर का बजट अनुमान किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में सदर नप के लिए बजट अनुमान का आंकड़ा 12 करोड़ 28 लाख 4 हज़ार रुपये का बजट रहा था जबकि संशोधित बजट 24 करोड़ 8 लाख रुपये रहा है।

## महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई में बाबा साहेब का ऐतिहासिक योगदान

- बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के चुनाव की सशक्त उम्मीदवार सुनील कलसन ने महिला वकीलों से मांगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव में सशक्त उम्मीदवार एवं नेशनल एलायंस का दलित ह्यूमन राइट्स की सहसंयोजक एडवोकेट सुनीता कलसन ने मंगलवार को एक बार फिर अंबाला बार एसोसिएशन से जुड़ी महिलाओं से मुलाकात कर वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी उन्नति में डॉक्टर बीआर अंबेडकर का अहम योगदान हे। देश में महिलाओं को जो संवैधानिक, सामाजिक और कानूनी अधिकार प्राप्त हैं, उनकी मजबूत नींव भारत के महान विधिवेत्ता, समाज सुधारक और संविधान निर्माता डॉ बीआर अंबेड़कर ने रखी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि किसी भी समाज की प्रगति का वास्तविक मापदंड यह है कि उस समाज की महिलाओं ने कितनी प्रगति की है। यह विचार उस समय के लिए अत्यंत क्रांतिकारी था, जब भारतीय समाज गहरी पितृसत्तात्मक मानसिकता और अनेक सामाजिक कुरीतियों से जकड़ा हुआ था। एडवोकेट सुनीता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का मानना था कि किसी भी समाज में वास्तविक लोकतंत्र तभी स्थापित हो सकता है जब महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हों। इसलिए उन्होंने महिलाओं की समानता और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक आंदोलनों, वैचारिक लेखन और कानूनी सुधारों के माध्यम से निरंतर संघर्ष किया। अपने प्रसिद्ध शोधपत्र कास्ट्स इन इंडिया में उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय समाज में जाति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए महिलाओं की स्वतंत्रता को नियंत्रित किया गया। यह बताया कि जाति व्यवस्था केवल सामाजिक असमानता ही नहीं पैदा करती, बल्कि महिलाओं की स्वतंत्रता और समानता को भी बाधित करती है।



एडवोकेट सुनीता कलसन।

### समानता का आधार मिला

बताया कि प्राचीन भारत में महिलाओं को अपेक्षाकृत सम्मानजनक स्थान प्राप्त था, लेकिन समय के साथ सामाजिक और धार्मिक व्यवस्थाओं के कारण उनकी स्थिति कमजोर होती चली गई। देश की आजादी के बाद जब नए राष्ट्र के निर्माण का कार्य शुरू हुआ, तब डॉ. अंबेडकर ने भारत के संविधान के निर्माण में यह सुनिश्चित किया कि महिलाओं को पुरुषों के समान संवैधानिक अधिकार प्राप्त हों। संविधान में समानता, लिंग के आधार पर भेदभाव पर रोक, समान काम के लिए समान वेतन तथा मातृत्व राहत जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किए गए, जिनसे महिलाओं को संवैधानिक सुरक्षा और समानता का मजबूत आधार मिला। कलसन ने बताया कि 1942 से 1946 के बीच जब डॉ. अंबेडकर वायसराय की कार्यकारिणी परिषद में श्रम मंत्री थे तब उन्होंने महिला श्रमिकों के हित में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए।

## प्रवासी की हत्या में इस्तेमाल चाकू जब्त

- गांव दिनारपुर में होली पर युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाले तीनों आरोपितों को पुलिस ने जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिनारपुर गांव में होली पर युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। एक दिन का रिमांड खत्म होने के बाद रविवार पुलिस ने तीनों आरोपी गौरव उर्फ बैली, विकास कुमार उर्फ गोलू व विकास को कोर्ट में पेश किया था। रिमांड के दौरान आरोपी ने हत्या के इस्तेमाल चाकू की बरामदगी वारदात स्थल से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित दूसरे खेत से करवाई। वहीं, पुलिस की टीम जब आरोपी विकास को पकड़ने का प्रयास कर रही थे तो भागने के चक्कर में एक मंजिल छत से छलांग लगा दी थी। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए काबू किया। आरोपी के टांग में फ्रैक्चर आने पर उपचार के बाद उसे कोर्ट में पेश किया था। बता दें कि दिनारपुर में 4 मार्च यानी होली पर बिहार निवासी अर्जुन का शव मिला था। चाकू लगने पर अर्जुन की आंतें तक बाहर आ गई थीं। दिनारपुर के राकेश की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### होटल के कमरे में लटका मिला युवक का शव, हलचल नहीं होने पर हुआ संदेह

**अंबाला।** अंबाला कैंट की राय मार्केट स्थित एक होटल में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक कमरे में ठहरे हुए युवक का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान अंबाला शहर के जग्गी कॉलोनी निवासी रितेश यादव (29) के रूप में हुई है। फिलहाल फंदा लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी। होटल मालिक सहित स्टाफ से जानकारी जुटाई जा रही है व मृतक के परिवार से भी संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटा रही है। होटल कर्मी के अनुसार युवक एक दिन पहले यानी 9 मार्च को होटल में ठहरा था। मंगलवार को दिनभर कमरे से कोई हलचल या आहट सुनाई नहीं दी। संदेह होने पर जब होटल कर्मचारी ने कमरे का दरवाजा खटखटाया और कोई जवाब नहीं मिला तो मास्टर चाबी से दरवाजा खोलकर देखा तो युवक का शव पंखे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। जांच के बाद ही पुलिस मामले की विस्तार से जानकारी देने की बात कह रही है।

## चार करोड़ के चावल डकारने वाली अंबे राइस मिल की संपत्ति अटैच, अब नीलामी की तैयारी

- खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से फर्म को डिफाल्टर घोषित कर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

खरीफ के सीजन 2024-25 में 4 करोड़ के गबन मामले में फंसी अंबे राइस मिल संचालकों की संपत्ति अटैच कर दी गई है। केस दर्ज होने के बाद विभाग ने इस मिल को डिफाल्टर घोषित करते हुए संपत्ति अटैच करने का निर्णय लिया था। साथ ही खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी की तरफ से इनकी संपत्ति को नीलाम करने की तैयारी शुरू कर दी है। बाकायदा तहसीलदार को बोलकर इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है ताकि सरकार के रुपये को पूरा किया जा सके। इसी तरह से मुलाना थाने में यहां के उपलाना गांव स्थित श्री कृष्णा राइस मिल पर सरकार के 5.48 करोड़ बकाया होने के कारण उस पर भी यहीं कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। आपार तिवारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि खरीफ मार्केटिंग सीजन 2024-25 के तहत मिल को धान अलॉट किया गया था।

### रिकॉर्ड उपलब्ध करवाया जाएगा

इस मामले में अंबे राइस मिल के पार्टनर प्रेम चंद, इकबाल सिंह तथा गारंटर बीएस ट्रेडिंग और राधे ट्रेडिंग के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर ललित ने बताया कि अंबे राइस मिल के दो मालिक सहित गारंटर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से इस राइस मिल से जुड़े सभी जांच कमेटी के दस्तावेज मांगे गए है। जांच के बाद ही गिरफ्तारी की जाएगी। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि अंबे राइस मिल की संपत्तियों की नीलामी करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। तहसीलदार को लिखा गया है। पुलिस को भी पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध करवाया जाएगा।

## जनगणना का कार्य ईमानदारी के साथ करें : आशीष कुमार

- नगराधीश नए लघु सचिवालय के सभागार में शिविर में बोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि जनगणना 2027 के लिए जिला प्रशासन की तरफ से तैयारियों जोरो से चल रही है। इस बार भारत की 16वीं जनगणना का कार्य डिजिटल प्रणाली से किया जाएगा। इस डिजिटल प्रणाली में मोबाइल एप का अहम रोल रहेगा। यह कार्य 2 चरणों में किया जाएगा। नगराधीश आशीष कुमार मंगलवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनगणना का पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2026 तक घरों की सूची, आवास जनगणना और दूसरा चरण फरवरी 2027 में जनगणना का होगा। इस बार जनगणना में जाति जनगणना भी शामिल होगी जो 1931 के बाद पहली बार होगी। नागरिकों को स्व गणना का विकल्प भी मिलेगा जहां वे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उन्होंने कहा कि 19 से 21 मार्च तक जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स की वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। जिसमें मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि 25 मार्च को चार्ज आफिसर की वर्कशॉप आयोजित की जाएगी।

## पेयजल शुद्धता के लिए जांच जरूरी : मताना

### आधा दर्जन गांवों में पेयजल जांच कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के द्वारा मनाए जाने वाले जल महोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पेयजल जांच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयेजन ब्लाक स्तर पर किया गया। जिसमें ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्य, पंप आपरेटर, पंचायत सदस्य, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि गांव डुमरखां कलां की आईटीआई, सिंगवाल, बुढाखेड़ा, साहनपुर, खेड़ीबुल्ला, पडाना, झांज कलां व खुर्द के सरकारी स्कूलों में पेयजल जांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रम में पेयजल की शुद्धता पर जोर दिया गया ताकि हर व्यक्ति स्वच्छ रह सके। इस मौके पर सभी स्कूल के विद्याार्थियों द्वारा पेयजल जांच का प्रशिक्षण लिया गया और मौके पर ही ओटी किट व अफटी किट से पेयजल की जांच की गई।




**जींद।** जल महोत्सव के तहत जागरूकता रैली निकालते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

## राजकीय महाविद्यालय में शौचालयों का बुरा हाल

- *एबीवीपी ने ज्ञापन सौंप व्यवस्थाएं सुधारने की मांग उठाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राजकीय महाविद्यालय जींद इकाई ने विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में खराब पड़े शौचालयों को जल्द से जल्द ठीक करवाने तथा विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग की गई। एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि महाविद्यालय में पढने वाले सैंकड़ों विद्यार्थियों को रोजाना इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज परिसर के कई शौचालय काफी समय से खराब पड़े हैं, जिनकी साफ.-सफाई भी नियमित रूप से नही हो रही है। इसके कारण विद्यार्थियों विशेषकर छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शौचालयों की स्थिति ठीक न होने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जिला संयोजक प्रतीक शर्मा ने बताया कि इसके अलावा विद्यार्थियों ने कॉलेज में स्वच्छ पेयजल की कमी की समस्या भी प्रशासन के सामने रखी।

## पूर्व राज्य मंत्री ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली सुहासिनी को दी बधाई

# सफलता के लिए युवाओं को लक्ष्य तय कर भटकाव से दूर रहने का आह्वान

*सुहासिनी ने सिविल सेवा परीक्षा में 413वां रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कस्बे की होनहार बेटी सुहासिनी मित्तल ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 413वां रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने मंगलवार को सुहासिनी मित्तल के निवास पर पहुंचकर उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने सुहासिनी को मिठाई खिलाकर और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सुहासिनी के पिता संजीव मित्तल, माता प्रतिभा मित्तल तथा दादी श्यामा देवी सहित परिवार के अन्य सदस्यों को भी बधाई दी।गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया गया "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान एक सामाजिक आंदोलन है, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएससी देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है और इसमें सफलता प्राप्त कर सुहासिनी मित्तल ने न केवल जिला बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। कहा कि सुहासिनी मित्तल की सफलता युवाओं के लिए भी एक संदेश है कि वे अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। जो युवा भटकाव और भ्रम में नहीं पड़ते, उन्हें मेहनत के दम पर सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी क्षमता पर विश्वास रखते हुए निरंतर परिश्रम करना चाहिए। कहा कि वे स्वयं भी एक बेटी के पिता है और बिटिया सुहासिनी की सफलता पर उन्हें भी गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों को भी जब आगे बढ़ने के मौके मिलते है तो वे अपनी मेहनत से सफलता का परचम लहरा देती है।



**शहजादपुर।** आईएएस सुहासिनी व उनके परिवार को शुभकामनाएं देते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य।

### बेटी की उपलब्धि पर गर्व: संजीव

इस अवसर पर सुहासिनी मित्तल के पिता संजीव मित्तल ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। उन्होंने कहा कि बेटियों को भी बेटों के समान अवसर मिलने चाहिए, तभी वे समाज और देश के विकास में अपना योगदान दे सकती हैं। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि पूरी लगन और मेहनत के साथ अपनी तैयारी करें और किसी भी प्रकार की घबराहट से बचें, सफलता अवश्य मिलेगी।सुहासिनी मित्तल के पिता संजीव मित्तल यहां सीमेंट व सरिया के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं, जबकि उनकी माता प्रतिभा मित्तल शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं। वे गेस्ट टीचर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। सुहासिनी ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग से यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सुहासिनी मित्तल ने बताया कि यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में उनका 413वां रैंक आया है। उन्होंने आईआईटी मुंबई से गणित विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। उनके पिता संजीव मित्तल ने बताया कि उनके दो बच्चे हैं। सुहासिनी बड़ी हैं जबकि बेटा राघव मित्तल उनसे छोटा है।